सं.13034/32/2021-रा.भा.(प्रशा.)-पार्ट-1
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
******

एन.डी.सी.सी. II भवन
चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 17 जनवरी, 2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय: 'हिंदी शब्द सिंधु' शब्दकोश के लिए फीडबैक प्रतियोगिता का आयोजन।

गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने और समस्त सांविधिक एवं कानूनी उपबंधों का पालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से अनेक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है।

2. वर्तमान समय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के महत्व को देखते हुए राजभाषा विभाग द्वारा अनेक तकनीकी टूल्स विकसित किए जा रहे हैं। इन्हीं में से एक है बृहत् एवं समावेशी डिजिटल शब्दकोश 'हिंदी शब्द सिंधु' जो बदलते हुए समय की आवश्यकताओं के अनुरूप हिंदी को तकनीकी दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन सूरत (गुजरात) में 14 सितंबर, 2022 को माननीय गृह और सहकारिता मंत्री जी द्वारा इसका लोकार्पण किए जाने के बाद विभाग इसे अधिकाधिक लोकोपयोगी बनाने के लिए सतत रूप से कार्यरत है।

3. 'हिंदी शब्द सिंधु' (https://hindishabdsindhu.rajbhasha.gov.in) में विभिन्न विषयों- जनसंचार, आयुर्वेद, खेलकूद, अंतरिक्ष विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, वैमानिकी, कंप्यूटर विज्ञान, इलैक्ट्रॉनिक्स, भू-गर्भशास्त्र, मानविकी आदि से संबंधित शब्दावली के साथ-साथ पारंपरिक शब्दावली को भी समाहित किया जा रहा है। देश की अन्य भाषाओं के शब्दों से हिंदी को समृद्ध करने की दृष्टि से इसमें भारतीय भाषाओं के शब्द भी शामिल किए गए हैं।

4. सभी हिंदी प्रयोक्ताओं से आग्रह है कि अपने दैनंदिन कार्यों में, 'हिंदी शब्द सिंधु' का अधिक से अधिक प्रयोग करें। इसमें आपका फीडबैक दर्ज करने की सुविधा है। यदि किसी प्रविष्टि के अर्थ अथवा अन्य विवरण में आपको किसी भी प्रकार के सुधार/सुझाव की आवश्यकता प्रतीत होती है तो आप 'हिंदी शब्द सिंधु' में प्रविष्टि के सामने दिए सुझाव टैब पर क्लिक करके अपने नाम और ईमेल

आईडी के साथ अपना फीडबैक दर्ज कर सकते हैं। दिनांक 15 जनवरी, 2025 से 30 जून, 2025 के दौरान शब्दकोश के पोर्टल पर न्यूनतम 100 शब्दों / प्रविष्टियों पर उपयुक्त फीडबैक देने वाले प्रयोक्ताओं को राजभाषा विभाग द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह फीडबैक प्रतियोगिता सभी के लिए खुली है।

5. प्रतियोगिता का परिणाम जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह में राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

6. प्रतियोगिता अवधि के समय किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए राजभाषा विभाग के तकनीकी अनुभाग से 011-23438150 अथवा हिंदी शब्द सिंधु 011-23438210 पर संपर्क किया जा सकता है।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार) 17.1.2025

उप सचिव (तकनीकी)